C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 179 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - रविवार, 21 दिसम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# मांडलगढ़ से मुख्यमंत्री का बड़ा संदेशः दो साल में विकास की मजबूत नींव, राजस्थान को अग्रणी राज्य बनाने का संकल्प





भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ ।

कपिल श्याम विजय । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने दो वर्ष के कार्यकाल में जनकल्याण और विकास की ऐसी ठोस नींव रखी है, जिससे राजस्थान को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। शर्मा ने कहा कि सुशासन, सेवा और संवेदनशीलता आज सरकार की कार्यसंस्कृति बन चुकी है।

मुख्यमंत्री शनिवार को भीलवाड़ा जिले के मांडलगढ़ में आयोजित ग्रामीण समस्या समाधान शिविर का अवलोकन करने के बाद विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

## अधिकारी और आमजन एक मंच पर

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का संकल्प है कि हर नागरिक की समस्या का समयबद्ध, पारदर्शी और संवेदनशील समाधान हो। इसी उद्देश्य से ग्रामीण और शहरी सेवा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से अब तक 4.80 लाख से अधिक मूल निवास व जाति प्रमाण पत्र, 2.57 लाख पट्टों का वितरण, 5 लाख फार्मर रजिस्ट्री, 3.25 लाख मंगला पशु बीमा पॉलिसी,तथा 14 लाख लोगों की टीबी स्क्रीनिंग की जा चुकी है।

## शिक्षा, सड़क, बिजली और पानी में ऐतिहासिक प्रगति

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा, सड़क, बिजली और पानी जैसे बुनियादी क्षेत्रों में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। राम जल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता और जल जीवन मिशन के तहत करीब 14 लाख ग्रामीण परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि 22 जिलों में किसानों को दिन में बिजली मिल रही है और शेष जिलों में कार्य प्रगति पर है। किसान सम्मान निधि के तहत 76 लाख से अधिक किसानों को 10,432 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए हैं तथा गेहूं पर 150 रुपये प्रति क्विंटल अतिरिक्त बोनस दिया जा रहा है।



## युवाओं को रोजगार और निवेश को बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पांच वर्षों में 4 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने के लक्ष्य पर काम कर रही है। अब तक 92 हजार से अधिक नियुक्तियां दी जा चुकी हैं और 1.53 लाख पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन हैं। उन्होंने बताया कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू हुए, जिनमें से 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं पर काम शुरू हो चुका है।

## भीलवाड़ा को मिली विकास की बड़ी सौगात

मुख्यमंत्री ने इस दौरान भीलवाड़ा जिले में 322 करोड़ रुपये से अधिक के 30 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इनमें जीएसएस, स्वास्थ्य केंद्र, प्रयोगशालाएं, विद्यालय, महाविद्यालय और उप-तहसील कार्यालय शामिल हैं। उन्होंने बताया कि दो वर्षों में जिले में 2,900 करोड़ रुपये से अधिक के करीब 50 हजार कार्य किए गए हैं और 4,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों को दी गई है।

## दो साल का काम, पिछली सरकार के पांच साल से ज्यादा

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार ने दो वर्षों में बिजली उत्पादन क्षमता में 6,363 मेगावाट की वृद्धि की है, जबकि पूर्ववर्ती सरकार पांच वर्षों में केवल 3,952 मेगावाट की ही बढ़ोतरी कर सकी। इसी प्रकार, सरकार ने दो साल में 3,433 करोड़ रुपये की सहायता गौशालाओं को दी है, जो पिछली सरकार के पांच वर्षों से अधिक है।

## भ्रष्टाचार पर सख्ती, भर्तियों में पारदर्शिता

मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध सरकार सख्त है। अब तक 200 से अधिक कार्मिक निलंबित किए गए हैं और 34 मामलों में अभियोजन स्वीकृत हुआ है। पूर्ववर्ती सरकार के दौरान पेपर लीक मामलों में 394 आरोपी गिरफ्तार किए गए, जबकि मौजूदा कार्यकाल में 296 भर्ती परीक्षाएं बिना पेपर लीक के पारदर्शी ढंग से आयोजित की गई हैं।

## शोक संतप्त परिवार को दी सांत्वना

कार्यक्रम से पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मांडलगढ़ विधायक गोपाल खण्डेलवाल के बड़े भ्राता स्व. हरिशंकर खण्डेलवाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ग्राम होड़ा स्थित निवास स्थान पर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों से मिले और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए कहा कि यह परिवार और क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है।

## जनप्रतिनिधियों की रही उपस्थिति

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक गोपाल लाल खण्डेलवाल, गोपीचंद मीणा, उदयलाल भड़ाणा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# बारां में सियासी टकराव ने लिया उग्र रूप, नरेश मीणा की गाड़ी पर हमला, समर्थकों का पलटवार; एसपी ऑफिस पर धरना

भीलवाड़ा फोकस @ बारां।

जिले में शनिवार को राजनीतिक तनाव चरम पर पहुंच गया, जब नरेश मीणा की गाड़ी पर हमला कर दिया गया। हमलावरों ने वाहन के शीशे तोड़ दिए। घटना के बाद आक्रोशित समर्थकों ने पूर्व सरपंच के घर पर पथराव किया और एक कार को आग के हवाले कर दिया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

नरेश मीणा के समर्थकों ने आरोप लगाया कि हमला प्रमोद जैन भाया के समर्थक माने जाने वाले पूर्व सरपंच तोलाराम के बेटे और अन्य लोगों द्वारा किया गया। घटना के बाद हालात तनावपूर्ण हो गए। सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर तैनात किया गया और स्थिति को नियंत्रित किया गया।



## एसपी कार्यालय पर धरना, भूख हड़ताल की चेतावनी

हमले के विरोध में नरेश मीणा अपने समर्थकों के साथ बारां में एसपी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। उन्होंने भूख हड़ताल शुरू करने की घोषणा करते हुए आरोप लगाया कि भाया टीम से जुड़े आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफ पुलिस प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने मांग की कि या तो एसपी को बदला जाए या आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए। हालांकि समझाईश के बाद नरेश ने धरना स्थगित किया ।



## शोक सभा से लौटते समय हुआ हमला

जानकारी के अनुसार नरेश मीणा ग्राम आखेड़ी में एक परिचित के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त कर लौट रहे थे। इसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने उनकी गाड़ी पर हमला कर दिया। हमले में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन वाहन क्षतिग्रस्त हो गया।

## पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई

घटना के बाद नरेश मीणा द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से कार्रवाई की मांग किए जाने पर पुलिस प्रशासन सक्रिय हुआ। पुलिस ने पूर्व सरपंच तोलाराम के घर का ताला तोड़कर आरोपियों की तलाश और गिरफ्तारी की प्रक्रिया शुरू की।

## इलाके में बढ़ाई गई सुरक्षा

घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में समर्थक ग्राम आखेड़ी पहुंच गए। उन्होंने हमले के पीछे साजिश का आरोप लगाते हुए दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की। एहतियातन क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर निगरानी बढ़ा दी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

# तीन थानों में वांछित हिस्ट्रीशीटर राहुल उर्फ मुरली कुमावत गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

प्रतापनगर थाना पुलिस की टीम ने तीन थानों में वांछित चल रहे हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की तलाश पुलिस थाना सुभाषनगर (मांडल) के स्थायी वारंट तथा थाना रायला के गिरफ्तारी वारंट के तहत की जा रही थी।

पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी राजपाल सिंह के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई।

पुलिस ने बताया की गठित टीम ने लगातार सूचना संकलन कर आदतन अपराधी एवं थाना प्रतापनगर के हिस्ट्रीशीटर राहुल उर्फ मुरली कुमावत पुत्र भागीरथ कुमावत, उम्र 35 वर्ष, निवासी रूपाहेली खुर्द, रायला की गतिविधियों पर निगरानी रखी और उसे गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और विभिन्न मामलों में वांछित था।



पुलिस ने बताया कि आरोपी से अन्य मामलों के संबंध में पूछताछ की जा रही है तथा उसके आपराधिक रिकॉर्ड की गहनता से जांच की जा रही है।

C M Y K

# विधायक फंड कमीशन मामलाः डांगा के जवाब से असंतुष्ट बीजेपी, अनुशासन समिति को सौंपी जांच

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

विधायक फंड में कमीशन मांगने के आरोपों को लेकर खींवसर से विधायक रेवंतराम डांगा की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। इस मामले में भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व विधायक के जवाब से संतुष्ट नहीं है। यह जानकारी शनिवार को जयपुर में पार्टी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने मीडिया को दी।

मदन राठौड़ ने बताया कि विधायक रेवंतराम डांगा से प्राप्त जवाब पार्टी को संतोषजनक नहीं लगा। ऐसे में पूरे प्रकरण को पार्टी की अनुशासन समिति को सौंप दिया गया है। अनुशासन समिति तथ्यों के आधार पर विस्तृत जांच कर अपनी रिपोर्ट देगी, जिसके बाद आगे का निर्णय लिया जाएगा।



प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी में स्पष्ट व्यवस्था है। इस तरह के मामलों में पहले कारण बताओ नोटिस दिया जाता है, जवाब की जांच की जाती है और यदि संतुष्टि नहीं होती तो मामला अनुशासन समिति के हवाले किया जाता है।

## कारण बताओ नोटिस के बाद बढ़ी कार्रवाई

गौरतलब है कि विधायक रेवंतराम डांगा, कांग्रेस विधायक अनीता जाटव और निर्दलीय विधायक ऋतु बनावत पर विधायक फंड से विकास कार्यों की सिफारिश के बदले कमीशन मांगने के आरोप सामने आए थे। इसके बाद बीजेपी ने रेवंतराम डांगा को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

## सदाचार समिति के समक्ष पेशी

तीनों विधायक शुक्रवार को विधानसभा की सदाचार समिति के सामने भी पेश हुए। समिति के सभापति कैलाश वर्मा के समक्ष खींवसर विधायक ने खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए जवाब देने के लिए समय मांगा। समिति द्वारा पूछे गए सवालों पर तीनों विधायकों ने खुद को निर्दोष बताया और अपने पक्ष में सबूत पेश करने के लिए समय लिया।

समिति ने रेवंतराम डांगा को 15 दिन, अनीता जाटव को 7 दिन और ऋतु बनावत को 10 दिन का समय दिया है। तय समय के बाद तीनों को अलग-अलग दिन पुनः पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा।

## जांच के बाद होगा फैसला

पार्टी सूत्रों के अनुसार, अनुशासन समिति और सदाचार समिति की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। फिलहाल यह मामला राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# फर्जी प्लॉट आवंटन के नाम पर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

प्रतापनगर पुलिस की टीम ने राजस्थान आवासन मंडल में प्लॉट/मकान आवंटन का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से फर्जी सील, लैपटॉप व प्रिंटर भी बरामद किए हैं।

पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी राजपाल सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन करते हुए की गई ।

पुलिस ने बताया की भगवतीलाल भाट निवासी जवाहरनगर, भीलवाड़ा ने रिपोर्ट दी कि आरोपी ने स्वयं को प्रभावशाली बताते हुए राजस्थान आवासन मंडल में भूखंड/आवास आवंटन कराने का भरोसा दिलाया। प्रत्येक प्लॉट के खर्च व अग्रिम राशि के नाम पर पासपोर्ट साइज फोटो, आधार, पैन, बैंक दस्तावेज लिए गए तथा खाली प्रपत्रों पर हस्ताक्षर कराए गए। आरोपी ने ई-स्टाम्प पर लिखापढ़ी कर फर्जी रसीदें व आवंटन दिखाते हुए प्रार्थी व उसके भतीजे से कुल 10 लाख रुपये ले लिए। बाद में आवंटन



आदेश न देने पर जांच करने पर पता चला कि दिखाई गई रसीदें व सील कूटरचित हैं और किसी भी प्रकार का आवंटन हुआ ही नहीं था।

पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की । लगातार सूचना संकलन के बाद पुलिस टीम ने मुकेश नाराणीवाल पुत्र नाथूलाल नाराणीवाल, निवासी आजादनगर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में ठगी के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार करने की पुष्टि हुई।

पुलिस ने बताया कि मामले में अन्य संभावित पीड़ितों व सहयोगियों की जांच जारी है और ठगी में प्रयुक्त सामग्री/डिजिटल साक्ष्य खंगाले जा रहे हैं।

# फर्जी इकरारनामा बनाकर दूसरे की जमीन बेचने वाला आरोपी गिरफ्तार

## 23 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा। ।**

प्रतापनगर थाना पुलिस ने फर्जी इकरारनामा तैयार कर दूसरे की जमीन बेचकर 23 लाख रुपये हड़पने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी राजपाल सिंह के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई।

पुलिस ने बताया की आरके कॉलोनी निवासी मनोज कुमार शर्मा ने रिपोर्ट दी थी कि आरोपी ने अपनी बताई गई भूमि का फर्जी इकरारनामा कराकर 11.50% हिस्से के नाम पर 23 लाख रुपये प्राप्त कर लिए। बाद में जांच में सामने आया कि जिस भूमि का सौदा किया गया, वह आरोपी के नाम दर्ज ही नहीं थी और मौके पर किसी अन्य का कब्जा था। आरोप है कि कूटरचित दस्तावेजों के जरिए साजिशपूर्वक धोखाधड़ी की गई। रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर अनुसंधान



शुरू किया गया। लगातार सूचना संकलन के बाद पुलिस टीम ने आरोपी प्रहलाद नांगला पुत्र कृष्ण गोपाल नांगला, उम्र 38 वर्ष, निवासी गायत्रीनगर को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बताया कि मामले की जाँच जारी है ।

# पिला मंगरा जंगल कटाई मामलाः 10 हजार का इनामी मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचन्द पेसवानी**

थाना पुलिस द्वारा 800 बीघा में फैले बोरड़ा बावरियान के पिला मंगरा जंगल में अवैध रूप से विलायती बबूल के पेड़ों की कटाई कराने वाले मास्टरमाइंड आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। मामले में फरार चल रहे इनामी आरोपी पीर मोहम्मद को केरल राज्य की राजधानी तिरुवनन्तपुरम से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पर जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह आईपीएस के आदेशानुसार जिले में अवैध रूप से जंगलों में पेड़ों की कटाई करने वाले अपराधियों की त्वरित गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा राजेश आर्य के निर्देशन में एवं वृताधिकारी शाहपुरा ओम प्रकाश के सुपरवीजन में थानाधिकारी शाहपुरा सुरेश चन्द्र के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया।

मामले में बीती 20 नवंबर को आबीद खां कायमखानी पिता अयूब कायमखानी निवासी माण्डल गेट बनेड़ा, हाल सहायक वनपाल शाहपुरा द्वारा थाना शाहपुरा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। रिपोर्ट में बताया गया कि 5 नवंबर को कार्यालय नाका के अंतर्गत ग्राम पंचायत बोरड़ा बावरियान के घास बीड़ पिला मगरा क्षेत्र में जेसीबी मशीनों से अवैध रूप से विलायती बबूल के पेड़ों को ठूंठ सहित उखाड़े जाने की सूचना मिली। सूचना पर वनपाल नाका प्रभारी



विश्राम मीणा के संपर्क करने के बाद वन विभाग का स्टाफ मौके पर पहुंचा। स्टाफ द्वारा करीब 15 जेसीबी मशीनों को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन आरोपियों ने जबरन झगड़ा और मारपीट करते हुए जेसीबी मशीनों को मौके से भगा लिया। आरोपियों द्वारा स्टाफ के साथ धक्का-मुक्की कर वाहन में बैठकर फरार हो गए।

मौके पर मुख्य आरोपी की पहचान पीर मोहम्मद पुत्र अब्दुल पठान निवासी बैरवा मोहल्ला खातनखेड़ी के रूप में की गई। आरोपी काले रंग की स्कॉर्पियो में सवार था, जबकि उसके अन्य साथी अन्य वाहन में थे। अवैध कटाई से पिला मंगरा क्षेत्र में करीब 8 से 10 हेक्टेयर क्षेत्र में भारी नुकसान हुआ।

पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। अनुसंधान के दौरान गठित टीम ने लगातार प्रयास करते हुए फरार आरोपी की लोकेशन ट्रेस की और अंततः तिरुवनन्तपुरम, केरल से डिटेन कर गिरफ्तार किया। आरोपी से अवैध कटाई में शामिल अन्य लोगों के संबंध में पूछताछ जारी है। इस मामले में वन विभाग जिला स्तर व ब्लॉक स्तर के अधिकारी पूर्व में निलंबित हो चुके है।

# अश्लील वीडियो वायरल कर धमकी व उगाही करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

प्रतापनगर थाना पुलिस ने अश्लील वीडियो वायरल कर जान से मारने की धमकी देते हुए रुपये मांगने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी बरामद किया है। पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी राजपाल सिंह के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई।

पुलिस ने बताया की पीड़िता की पुत्री की शादी से पूर्व आरोपी ने इंस्टाग्राम आईडी के माध्यम से आपत्तिजनक फोटो/वीडियो वायरल किए और पीड़िता के पति को जान से मारने की धमकी देकर रुपयों की मांग की। रिपोर्ट पर पुलिस ने आईटी एक्ट



में मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

सूचना संकलन के बाद पुलिस टीम ने आरोपी आईदान बंजारा पुत्र दुर्गा बंजारा, निवासी बंजारों का झोपड़ा, मनखड़ी, थाना बड़लियास भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि मामले में डिजिटल साक्ष्यों की जांच जारी है।

# मनरेगा में बदलाव के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) में किए गए बदलावों के विरोध में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने कड़ा रुख अपनाया है। इसी क्रम में जिला कांग्रेस कमेटी भीलवाड़ा (शहर) के नेतृत्व में शहर में शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मनरेगा को कमजोर करने के प्रयास वापस लेने की मांग की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष (शहर) शिवराम खटीक (जीपी) ने कहा कि मनरेगा गरीब, मजदूर और ग्रामीण परिवारों के लिए आजीविका का अहम साधन है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार काम करने के बजाय केवल नाम बदलने की राजनीति कर रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार को योजना को मजबूत करना चाहिए था, रोजगार के दिन बढ़ाने और मजदूरी समय पर देने पर ध्यान देना चाहिए था। इसी मांग को लेकर कांग्रेस ने प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शन में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चित्तौड़गढ़ हाईवे पर युवक का शव मिलने से सनसनी, हत्या की आशंका



**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

**गर्वित ।** शहर के आरके पुरम थाना क्षेत्र के अंतर्गत चित्तौड़गढ़ हाईवे पर एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। हाईवे की सर्विस लेन के नीचे बने गड्ढे में शव पड़ा होने की सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी, जिसके बाद मामला सामने आया।

सूचना मिलते ही आरके पुरम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को गड्ढे से बाहर निकलवाया। मृतक की पहचान आवली रोजड़ी निवासी करण सिंह (35) के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में शव पर धारदार हथियार से वार के निशान पाए गए हैं, जिससे युवक की हत्या कर शव को यहां फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए कोटा शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम भी मौके पर पहुंचीं और घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके साथ ही एफएसएल टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्र किए गए।

पुलिस ने शव को मेडिकल कॉलेज के पोस्टमॉर्टम रूम में शिफ्ट करवा दिया है। एसपी तेजस्विनी गौतम ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

# मेजा डेम में अधेड़ का शव मिलने से मचा हड़कंप, डेम की दीवार पर जूते ,जैकेट और चश्मा मिला



**भीलवाड़ा फोकस @ मांडल ।**

मेजा डेम में शनिवार दोपहर एक अधेड़ का शव तैरता दिखने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। डेम की दीवार पर जूते, जैकेट और चश्मा मिलने से अनहोनी की आशंका हुई । सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और एनडीआरएफ व ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकालकर अस्पताल की मोर्च्युरी भिजवाया गया।

पुलिस ने बताया को राहगीरों ने डेम में शव देखा तो तत्काल सूचना दी। मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। जांच में मृतक की पहचान नरेंद्र जैन (67), निवासी बापू नगर के रूप में हुई।

परिजनों ने बताया कि नरेंद्र डेम पर घूमने आया था और गेज देखते समय पैर फिसलने की आशंका जताई। वहीं, पुलिस को यह भी जानकारी मिली कि मृतक लंबे समय से कैंसर से पीड़ित था, जिसके चलते आत्मघाती कदम की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। हालांकि मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है और मामले कि जांच जारी है।




QUICK BITES

## दिवंगत पत्रकार राठौड़ के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने की माँग

### भीलवाड़ा प्रेस सोसायटी ने मुख्यमंत्री से किया आग्रह

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



आसींद तहसील के शंभूगढ़ थाना क्षेत्र में कालियास ग्राम के रहने वाले दिवंगत पत्रकार भैरू सिंह राठौड़ की विधवा पत्नी को मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक मदद दिलवाने के लिए भीलवाड़ा प्रेस सोसायटी (रजि.) संस्था ने जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम एक विशेष आग्रह पत्र लिखकर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है ।

प्रेस सोसायटी की ओर से लिखे गए पत्र में अध्यक्ष विश्वनाथ पाराशर एवं महासचिव शहजाद खान ने बताया कि बीती 8 सितंबर को एक सड़क हादसे में पत्रकार राठौड़ का देहांत हो गया था , मृत्यु के बाद उसके परिवार में निराश्रित पत्नी और एक बेरोजगार पुत्र हैं जिन्हें मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए । कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निजी सहायक द्वारा विधिवत कार्रवाई प्रारंभ कर आर्थिक सहायता दिलवाने के प्रयास शुरू किए गये है , इस अवसर पर पत्रकार हित कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र ओरडिया भी उपस्थित रहे ।

## करंट से बंदर की मौत, ग्रामीणों ने शोभायात्रा निकाल किया अंतिम संस्कार

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला



**(जसवंत पारीक)।** कस्बे में कुछ दिन पूर्व बिजली के करंट की चपेट में आए एक बंदर की शनिवार सुबह मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने सामाजिक व धार्मिक परंपरा के अनुसार बंदर की शोभायात्रा निकालकर अंतिम संस्कार करने का निर्णय लिया।

ग्रामीणों ने बंदर को बैकुंठी में पूरे विधि-विधान से विराजमान कर मंदिरों के दर्शन कराए। इसके बाद ढोल-नगाड़ों, गुलाल और पुष्पवर्षा के साथ कस्बे के मुख्य मार्गों से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में पुरुष भजन-कीर्तन करते हुए चले, वहीं महिलाएं भी भजनों के साथ शामिल रहीं। अंत में बनास नदी में विधिपूर्वक अंतिम संस्कार किया गया।

इस अवसर पर किशन सेन, कैलाश बलाई, सांवर वैष्णव, नारायण भारती, उदयलाल तेली, मुकेश जोशी, जमनालाल माली, कालू भारती, शंभू दरोगा, गोपाल मीणा, बंशीलाल शर्मा, राहुल भा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण पुरुष व महिलाएं उपस्थित रहीं।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# आज आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर ग्रामीणों को किया जागरूक

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।





**मानव तिवाड़ी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष के निर्देश पर तथा तालुका विधिक सेवा समिति, बिजोलिया की अध्यक्ष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी के आदेशानुसार शनिवार को बैंक ऑफ बड़ौदा में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पीएलवी रामबाबू माथुर ने ग्रामीणों को न्याय आपके द्वार अभियान की जानकारी देते हुए लोक उपयोगी सेवाओं बिजली, पानी, परिवहन, बैंकिंग, बीमा, नगर निकाय, स्वास्थ्य सेवाएं, आवास एवं भू-संपदा तथा एल.जी. सेवाओं से संबंधित शिकायतों के समाधान हेतु फॉर्म एवं पैंपलेट वितरित किए।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 21 दिसंबर को तालुका विधिक सेवा समिति में किया जाएगा। इसमें प्री-लिटिगेशन, धारा 138 के प्रकरणों सहित राज्य बनाम के योग्य मामलों का दोनों पक्षों की सहमति से त्वरित निस्तारण किया जाएगा। इस अवसर पर एडवोकेट दीपक मीणा, रोहित कुमार सिंह, शौकीन नलवाया, मोहम्मद सोहेल, रमेश मीणा, दुर्गा शंकर, रणजीत सिंह कानावत, श्यामलाल सहित कई अधिवक्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# कालेड़ा कंवरजी में बना सार्वजनिक ओपन जिम, ग्रामीणों को मिलेगी निःशुल्क फिटनेस सुविधा

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



**(दिलखुश)** उपखंड क्षेत्र की कालेड़ा कंवरजी ग्राम पंचायत में सार्वजनिक ओपन जिम का निर्माण कार्य शनिवार को पूर्ण हो गया, जिसे आमजन के लिए खोल दिया गया है। इस ओपन जिम के शुरू होने से अब गांव के महिला-पुरुषों सहित युवक-युवतियों को बड़े शहरों की तर्ज पर अपने ही गांव में निशुल्क व्यायाम करने की सुविधा उपलब्ध होगी। ग्राम पंचायत कालेड़ा कंवरजी के प्रशासक अर्पित जोशी ने बताया कि गांव के युवा प्रतिदिन जिम और व्यायाम के लिए आसपास के शहरों में जाना पड़ता था। ग्रामीण युवाओं की इस लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए अजमेर जिला परिषद की आम सभा में कालेड़ा कंवरजी में ओपन जिम निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया। उन्होंने बताया कि अजमेर जिला प्रमुख सुशील कंवर पलाड़ा द्वारा राज्य वित्त आयोग मद से इस ओपन जिम के लिए 5 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी। शुक्रवार को निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद संबंधित ठेकेदार द्वारा ओपन जिम को ग्राम पंचायत को सौंप दिया गया। इसके साथ ही छोटे बच्चों के खेल और मनोरंजन के लिए झूलों की भी व्यवस्था की गई है। यह ओपन जिम बनास नदी और तालाब किनारे स्थित छप्पन बाबा के प्राचीन मंदिर के समीप प्राकृतिक वातावरण में बनाया गया है। जिम और मंदिर तक पहुंचने के लिए तालाब की पाल पर बनी सड़क का उपयोग किया जा सकता है, जो दोनों ओर पानी से घिरी हुई है। बीसलपुर बांध के जल भराव से घिरा यह क्षेत्र अत्यंत रमणीय है। यहां व्यायाम करते समय ग्रामीणों को शुद्ध हवा, बांध के पानी में विचरण करते जलीय पक्षियों का नजारा और प्राकृतिक वातावरण में मानसिक तनाव से मुक्ति का अनुभव मिलेगा। ग्रामीणों ने इस जनोपयोगी सुविधा के लिए जिला परिषद और ग्राम पंचायत प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

# बिजौलियाँ परकोटा बनेगा हेरिटेज वॉक-वे, श्रमदान से दिख रहा बदलाव


### आज सुबह 8 बजे श्रमदान में जुड़ने की अपील

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियाँ।

**प्रमेन्द्र।** विधायक गोपाल खण्डेलवाल द्वारा शहर के ऐतिहासिक परकोटे को हेरिटेज वॉक-वे के रूप में विकसित करने की परिकल्पना अब साकार होती नजर आ रही है। 1251 मीटर लंबे, औसतन 5 मीटर चौड़े एवं लगभग 8 मीटर ऊँचे परकोटे के अधिकांश हिस्से से बड़े पेड़ हटाए जा चुके हैं, जिससे करीब आधा परकोटा साफ दिखाई देने लगा है।

बड़े दरवाजे पर की गई चित्रकारी बिजौलियाँ की ऐतिहासिक, धार्मिक एवं भक्ति-संस्कृति को सजीव रूप में प्रस्तुत कर रही है। 14 दिसंबर से लगातार कटाई-छंटाई, साफ-सफाई एवं श्रमदान का कार्य जारी है। शुरुआत से ही आमजन उत्साहपूर्वक सहभागिता निभा रहे हैं और विधायक खण्डेलवाल तथा प्रशासक/उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड की दूरदर्शिता की सराहना कर रहे हैं।

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल ने बताया कि परकोटे की सुरक्षा, सफाई और सौंदर्यीकरण का कार्य निरंतर जारी रहेगा। न्यूनतम व्यय में अधिकतम जनसहयोग के साथ इसे एक संरक्षित मिसाल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसी क्रम में विधायक गोपाल खण्डेलवाल एवं प्रशासक अजीत सिंह राठौड ने 21 दिसंबर, सुबह 8 बजे परकोटा दीवार पर सफाई, संरक्षण एवं श्रमदान में सभी नागरिकों से जुड़ने की अपील की -आओ, सपनों को हकीकत में बदलने की इस यात्रा में भागीदार बनें। ' बिजौलियाँ बनेगा सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री मॉडल टाउन



20 दिसंबर को नगर पालिका बिजौलियाँ ने अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल के नेतृत्व में मुख्य बाजार में पॉलीथिन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध जब्ती व समझाइश अभियान चलाया। दुकानदारों, व्यापारियों और ठेला-फेरी वालों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की हिदायत दी गई, जबकि इसका उपयोग बंद कर चुके व्यवसायियों को धन्यवाद दिया गया।

अधिशासी अधिकारी ने बताया कि जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक पर राज्य सरकार का प्रतिबंध लागू है। प्रतिबंधित वस्तुओं में पॉलीथिन, प्लास्टिक झंडे, गिलास, प्लेट, चम्मच, कटोरी, स्ट्रॉ, चाकू, कांटा आदि शामिल हैं। उल्लंघन पर जुर्माना, दुकान सीज तथा प्राथमिकी की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि राज्य सरकार ने राज्य के 7 शहरों में बिजौलियाँ को सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री मॉडल टाउन के रूप में चिन्हित किया है। नगर पालिका इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# पीपलाज में ग्रामीण समस्या समाधान शिविर, पट्टा वितरण सहित योजनाओं का लाभ

भीलवाड़ा फोकस @ सावर




**( दिलखुश )।** भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त पीपलाज में शनिवार को ग्रामीण समस्या समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में उपखंड अधिकारी डॉ. आस्था शर्मा, तहसीलदार भगवती प्रसाद वैष्णव एवं विकास अधिकारी चिरंजीलाल वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का त्वरित लाभ देना और स्थानीय समस्याओं का मौके पर समाधान करना रहा। इस दौरान सीता देवी को उनके पुश्तैनी मकान का वैध पट्टा प्रदान किया गया, जिससे वर्षों पुराना भूमि विवाद सुलझा और उन्हें आर्थिक सशक्तिकरण का रास्ता मिला।

शिविर में बिजली, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य, पशुपालन, पेंशन सत्यापन, कृषि व पंचायत राज सहित विभागों की सेवाएं दी गईं। बड़ी संख्या में ग्रामीणों को नामांतरण, खाता विभाजन, ई-केवाईसी, आयुष्मान कार्ड, टीकाकरण, फार्मर रजिस्ट्री व स्वामित्व कार्ड जैसी सुविधाओं से लाभान्वित किया गया।

समापन पर डॉ. आस्था शर्मा ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों व ग्रामीणों का आभार जताते हुए अधिक से अधिक लोगों से ऐसे शिविरों में भाग लेकर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

# गौ रक्षक शहीद मुरलीधर बोहरा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा, भामाशाहों का हुआ सम्मान

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**



**रमेश गुर्जर** मंडोल बांध के समीप स्थित गौ रक्षक शहीद श्री मुरलीधर बोहरा गौशाला परिसर में शनिवार को गौ रक्षक शहीद श्री मुरलीधर बोहरा की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित गौ सेवकों ने बोहरा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की।

सभा को संबोधित करते हुए गौशाला संचालक रामफूल धाकड़ ने बताया कि 20 दिसंबर 1999 को जोधपुर जिले के फलोदी रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी में हो रही गौ तस्करी की सूचना मिलने पर स्वर्गीय बोहरा अपने साथियों के साथ तत्काल स्टेशन पहुंचे। ट्रेन को रुकवाकर उसमें भरे 1784 गोवंश को मुक्त कराया गया, इसी दौरान तस्करों के हमले में मुरलीधर बोहरा वीरगति को प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि हम सभी को उनके पदचिन्हों पर चलते हुए गौ रक्षा एवं गौ सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।

इस अवसर पर गौशाला में सहयोग करने वाले भामाशाहों का सम्मान किया गया। पंकज को लगातार तीन वर्षों से पशु आहार भेंट करने हेतु, शंभूलाल माली को गौवंश के लिए छाया हेतु 10 टीनशेड भेंट करने पर तथा शंकर लाल धाकड़ व मदनलाल धाकड़ को गौशाला में पानी की सुविधा हेतु बोरिंग खुदवाने पर माल्यार्पण कर पगड़ी बंधवाकर समृद्धि चिन्ह भेंट किया गया।

सभा में आगामी 5 जनवरी को ऊपरमाल क्षेत्र के समस्त गौ प्रेमियों के साथ मिलकर उपखंड क्षेत्र के सभी राजस्व गांवों की चारागाह (गोचर) भूमि का सीमांकन कराकर अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देने का निर्णय भी लिया गया।

कार्यक्रम में निलेश सनाट्य, शैतान प्रजापत, उमेश शर्मा, आदर्श सोनी, आदित्य गौड़, हरीश देवानी, श्यामलाल गाडोलिया, दीपक गौड़, राहुल धाकड़, त्रिलोक सिंह पंवार, बाबूलाल नायक, सार्थक विजय, गज्जू लुहार, वरदान नायक, सागर दशलानियां, विनोद बंजारा सहित कई गौ सेवक उपस्थित रहे।

# कोली समाज के पांच होनहार राजकीय सेवा में चयनित, हुआ सम्मान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



कोली समाज विकास ट्रस्ट, द्वारा राजकीय सेवा में चयनित समाज के युवक-युवतियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। भीलवाड़ा कोली समाज से पहली बार दो बेटियों का चयन राजस्थान पुलिस सेवा में हुआ है।


ट्रस्ट के सचिव मुरलीधर कोली ने बताया कि समाज में निरंतर बढ़ती शिक्षा-जागरूकता का ही परिणाम है कि हाल ही में घोषित प्रतियोगी परीक्षाओं के परिणामों में समाज के तीन अभ्यर्थियों का राजस्थान पुलिस कांस्टेबल तथा दो का चिकित्सा विभाग में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) पद पर अंतिम चयन हुआ है। चयनित अभ्यर्थियों में युद्धवीर ओमप्रकाश खटुंबरा और मनीष पुत्र देवलाल गडोरिया का सीएचओ, जबकि सोनू पुत्र देवलाल सुवालिया, भावना पुत्री भंवरलाल बोथेडिया और भाग्यलक्ष्मी पुत्री गुलाबचंद आमेरिया का राजस्थान पुलिस कांस्टेबल पद पर चयन हुआ है।

देवनारायण मंदिर के पुजारी रामलाल तलाया ने सभी नवनियुक्त अभ्यर्थियों का तिलक कर देव-दुपट्टा व मारवाड़ी पगड़ी पहनाकर सम्मान किया और मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर चयनित अभ्यर्थियों के माता-पिता का भी सम्मान किया गया। एक साथ पांच युवक-युवतियों के चयन से समाज में हर्ष और गौरव का माहौल रहा। कार्यक्रम के अंत में आरती के बाद सभी को मिठाई वितरित की गई।

# रुक्मणी मंगल विवाह महोत्सव में झूमा शाहपुरा, पंडाल बना वृंदावन

## मेरे गोपाला की शादी भजन पर भक्तों ने रचाया भक्ति-उत्सव





**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**(मूलचन्द पेसवानी)।** श्रीमद्भागवत कथा के दौरान आयोजित रुक्मणी मंगल विवाह महोत्सव में शनिवार को शाहपुरा पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। जैसे ही पंडाल में मेरे गोपाला की शादी में झूम-झूम के नाचो रे की मधुर धुन गूंजी, श्रद्धालु तालियों, जयकारों और नृत्य में डूब गए। वातावरण ऐसा प्रतीत हुआ मानो पूरा शाहपुरा वृंदावन बन गया हो।

कथा के छठे दिन मथुरा से पधारे कथावाचक पं. अरुणाचार्य महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह का दिव्य प्रसंग सुनाया। विवाह का मंगल क्षण आते ही पंडाल में उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमने लगे। जय श्रीकृष्ण के गगनभेदी जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा।

कथावाचन के दौरान पं. अरुणाचार्य महाराज ने गूढ़ आध्यात्मिक संदेश देते हुए कहा कि सच्चे प्रेम में गोपनशीलता और समर्पण आवश्यक है, दिखावा नहीं। उन्होंने धर्मस्थलों में बढ़ती वीआईपी संस्कृति पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अहंकार व्यक्ति को प्रभु से दूर कर देता है, जबकि भगवान सभी भक्तों पर समान कृपा करते हैं। गोपियों के उदाहरण से उन्होंने समझाया कि भगवत कृपा अहंकार से नहीं, समर्पण से मिलती है।

कथा में यमुना तट की रासलीला, कृष्ण की बाल लीलाएं, गोपियों का प्रेम और भक्ति रस की अविरल धारा बहती रही। ढोलक और मंजीरों की धुन पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर नृत्य करते नजर आए। वहीं श्रीकृष्ण के मथुरा गमन का प्रसंग सुनते ही पंडाल भावुक हो उठा और कई श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं।

इसके बाद कंस वध और जरासंध युद्ध के वर्णन पर वीर रस छा गया और श्रीकृष्ण-बलराम की जय के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। अंत में विदर्भ नरेश की पुत्री रुक्मणी के हरण व विधिवत विवाह का प्रसंग आते ही पूरा पंडाल भक्ति-उत्सव में बदल गया। पुष्पवर्षा के बीच गोपाला की शादी है भजन पर देर तक श्रद्धालु झूमते रहे। शाहपुरा में आयोजित यह कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भक्ति, अध्यात्म और आनंद का जीवंत उत्सव बन गई, जिसने जन-जन को नंदलाल की भक्ति में सराबोर कर दिया।

# किसान संघ ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन, किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**रमेश चंद्र डाड ।** भारतीय किसान संघ भीलवाड़ा ने मांडलगढ़ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को ज्ञापन सौंपकर किसानों की प्रमुख समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की। संघ ने बताया कि सहाड़ा-मांडल क्षेत्र की तहसीलों में 80% से अधिक फसल खराबा होने के बावजूद अब तक आपदा राहत की घोषणा नहीं हुई है। ज्ञापन में फसल खराबा मुआवजा, चारे की समस्या से राहत, नहरों व बांधों की मरम्मत, नदी जोड़ो योजना पर कार्य, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ, कृषि मंडियों का सुचारु संचालन, यूरिया कालाबाजारी पर कार्रवाई, कृषि ट्रांसफार्मर व फीडर ट्रिपिंग की समस्या, राजस्व रिकॉर्ड की अशुद्धियां, तथा हर घर जल योजना में लापरवाही जैसे मुद्दे उठाए गए। संघ ने सरकार से किसानों को प्राथमिकता से राहत देने की मांग की।

# पारिवारिक विवाद के बाद महिला की संदिग्ध मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।**



थाना क्षेत्र के कटार गांव में एक विवाहित महिला रतनी देवी (40) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पीहर पक्ष ने पति पर हत्या का आरोप लगाया है। वही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात पति-पत्नी में विवाद हुआ, जिसके बाद महिला की तबीयत बिगड़ी। शनिवार सुबह उसे आसींद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पीहर पक्ष के पहुंचने से पहले शव गांव ले जाने पर संदेह जताया गया।

पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम कराया। डॉक्टरों के अनुसार शरीर पर बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं, सैंपल जांच के लिए सुरक्षित किए गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## QUICK BITES

# राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन को मिली संगठनात्मक मजबूती

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**



**(दिलखुश)** राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष खुशीराम मीणा ने शशि कुमारी राजकीय चिकित्सालय, सावर में पदस्थ वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी सुरेन्द्र सिंह सोलंकी को कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष मनोनीत किया है।

मनोनयन पर नर्सिंग कार्मिकों में खुशी की लहर है। सोलंकी ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए नर्सिंग संवर्ग के अधिकारों व हितों के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

# सदारा में एकदिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न, नागोला टीम रही विजेता

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**



**(दिलखुश)** सदारा में आयोजित एकदिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हुई। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि सुमित वैष्णव एवं आशाराम गुर्जर रहे। आयोजन समिति द्वारा अतिथियों का माला पहनाकर एवं साफा बंधवाकर पारंपरिक स्वागत किया गया।

प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला नागोला एवं जिशान क्लब सदारा के बीच खेला गया, जिसमें नागोला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिशान क्लब सदारा को 3-1 से पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया।

विजेता टीम नागोला में कप्तान साहिल सहित रोहित, दीपक, अरमान एवं हर्ष शामिल रहे। वहीं उपविजेता टीम जिशान क्लब सदारा में कप्तान जिशान के साथ अविनाश, पवन मीणा, अंशुल गुर्जर, हंसराज एवं शिवम ने भाग लिया।

मैच के उपरांत अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी एवं नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति श्रीराम क्लब सदारा की ओर से गजेन्द्र, विजय साधु, धनराज कुमावत, जोंटी गर्ग, निखिल गर्ग, विशाल साहू, विशाल कहार, विशाल खटीक, रोनक सहित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।

# पंवार की 20वीं पुण्यतिथि पर किया सेवा कार्य

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**



स्वर्गीय छीतर सिंह पंवार की 20वीं पुण्यतिथि के अवसर पर पंवार के परिवारजनों द्वारा बिजासन माताजी मंदिर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विधिवत पूजा-अर्चना कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में परिवारजनों ने छात्र-छात्राओं को ऊनी कपड़े एवं फल वितरित किए। कार्यक्रम में परिजन व श्रद्धालुजन मौजूद रहे।

# संभागीय आयुक्त व जिला कलेक्टर ने किया पौधारोपण

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**( सांवर वैष्णव ):-** नेशनल हाईवे किनारे खजीना गांव के चारागाह क्षेत्र में पौधारोपण के तहत शनिवार को संभागीय आयुक्त व जिला कलेक्टर ने पौधारोपण किया । जितेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि बनास नदी में ब्लॉक बीजे- 03 के बजरी लीज धारक मैसर्स श्री मांगीलाल बिश्नोई द्वारा आकोला ग्राम पंचायत के खजीना गांव के चारागाह में नेशनल हाईवे 758 किनारे खजीना गांव के चारागाह में 11 हेक्टर क्षेत्र में सघन वन ( मियावाकी ) की पद्धति के तहत पौधारोपण किया जा रहा है, इस दौरान शनिवार को संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़ व भीलवाड़ा जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधु ने कल्प वृक्ष के जोड़े का पौधारोपण किया, जिला कलेक्टर संधू ने लीज धारक द्वारा किए जा रहे पौधारोपण के इस कार्य की प्रशंसा की । इस दौरान अमर चंद विश्नोई, शिवलाल जाट प्रशासक आकोला, सुमित गोदारा, नरेश विश्नोई आदि कई मौजूद रहे ।।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय | मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।